14/18/64 To Provide Jobs and Cash Amount to the Players

SH. JAGBIR SINGH MALIK, M.L.A.:

Will the Chief Minister be pleased to state:-

a) whether there is any proposal under consideration of the Government to provide jobs and cash prize to the players wining Gold, Silver and Bronze medals in Olympic, Asian, Commonwealth and National games; and

b) the time by which the pending cash prizes are likely to be paid to the medal winner players?

SH. MANOHAR LAL, CHIEF MINISTER:

Sir,

a) The Sports Department already provides jobs and cash awards to the medal winners of the Olympics, Asian Games, Commonwealth Games and National Games upon fulfilment of eligibility criteria of the Haryana Outstanding Sportspersons (Group A, B and C) Service Rules-2021 and Cash Award Scheme dated-05/09/2019, respectively.

b) The pending cash awards are likely to be disbursed to the eligible sportspersons in the first quarter of the next financial year.

14/18/64 खिलाड़ियों को नौकरी एवं नकद राशि उपलब्ध कराना

श्री जगबीर सिंह मलिक, विधायक:

क्या मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या ओलंपिक, एशियाई, राष्ट्रमंडल और राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को नौकरी और नकद पुरस्कार देने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; और

(ख) पदक विजेता खिलाड़ियों को लंबित नकद पुरस्कारों का भुगतान कब तक किए जाने की संभावना है?

श्री मनोहर लाल, मुख्यमंत्री:

महोदय,

(क) खेल विभाग क्रमश: हरियाणा उत्कृष्ट खिलाडी (ग्रुप क, ख तथा ग) सेवा नियम-2021 तथा नकद पुरस्कार योजना दिनांक- 05/09/2019 के पात्रता मापदण्डों को पूरा करने पर ओलंपिक, एशियाई खेलों, राष्ट्रमंडल खेलों और राष्ट्रीय खेलों के पदक विजेताओं को नौकरी और नकद पुरस्कार उपलब्ध करवाता है।

(ख) लंबित नकद पुरस्कार पात्र खिलाड़ियों को अगले वित्तीय वर्ष की प्रथम तिमाही में वितरित किए जाने की संभावना है।